धात पुष्ट और कमताकत की दवा

सफेद मूसरी तोला १ पीसकर दूध में डाल

सफेद मूसरी

के ७ दिन पीवे तो धात पुष्ट हो अथवा मूसरी
पाक बनाना होय तो दूध कढ़ाई में सेर १ च-
ढ़ावे उसमें मूसरी सफेद ३ तोले पीसके डाले
फिर घी और बादाम की मिंगी पिसी हुई तथा
मिश्री इलायची केशर १ रत्ती डाले जब दूध
का खोवा होजाय तब उतार के जायफल से र-

रखे निर्बल मनुष्य को खाने को दे तो बल आवे और हर तरह की कमज़ोरी मिटे।

सितावर

नहरुवा सुजाक तथा संखिया के अवगुण की दवा

सितावर की जड़ तोला २ मिरच मासे १

घोटकर आठ पैसा भर पानी में तीन दिन पीवै परन्तु खटाई न खाय तो नहरुवा को आराम हो तथा सुजाक हो तो ७ या नो दिन पीवै तो आराम हो यदि मक्खिया ने विकार कीया हो तो सितावर की जड़ तोला १ नित्य खाय तो आराम हो।

खाड़ाधार

सुजाक और प्रमेह की दवा

खाड़ाधार तोले २ मिर्च नग ९ इलायची

नग ७ मिश्री तोला १ घोटके पानी में या आधसेर दूध में गेर पीवै तो आराम हो अथवा खाडाधार तोले ३ पीसके पाव भर गऊ की ताजी छाछमें ७ या ९ दिन पीवै परहेज न विगाड़े तेल खटाई न खाय आराम हो।

जंगली गोबी

सुजाक और गर्मी की दवा

गोबी जगली पीरे फूल की पसरमा छत्ता

होता है उस की जड़ तोला १ मिरच नग ५ या ७ डालके ७ या ९, दिन घोटकर पीवे रोटी अलोनी खाय घी खूब खाय गरम मसाला न खाय आराम हो खटाई तेल न खाय मूंगा या बंग भस्म करनी हो तो गोवी के पत्तों को पीस लुगदी करके उसमें जिन्स धर फूकेतो भस्महो

यंत्र स्वरूप और यत्र विधि

लौंग इलायची जावित्री जायफल यदि इन में से किसी चीज का अर्क निकालना होवे तो जिन्स को तसला में धरे तसला के बीच में प्याली धरे तथा तसला के ऊपर तवा धर के चारों ओर मुद्रा देवे और तवे में पानी भरे चूल्हे में धड़ा की आंच दे जो प्याले में अर्क

कर्पूर संपुट यंत्र

पड़े उस को पान में खाय अथवा सिर में लगावे तो फायदा हो।

बीजों का तेल निकालने की विधि

धतूरे तथा और और बीज जिन में चिकनाहट हो उन का तेल निकालना हो तो आतसी सीसी में कपड मिट्टी देकर बीज शीशी में धरे और एक ठीकरा में छेद कर के उस

होता है उस की जड़ तोला १ मिरच नग ५ या ७ डालके ७ या ९ दिन घोटकर पीवे रोटी अलोनी खाय घी खूब खाय गरम मसाला न खाय आराम हो खटाई तेल न खाय मूंगा या वग भस्म करनी हो तो गोवी के पत्तों को पीस लुगदी करके उसमें जिन्स धर फूकेतो भस्महो

यंत्र स्वरूप और यंत्र विधि

लौंग इलायची जाविन्नी जायफल यादि इन में से किसी चीज का अर्क निकालना होवे तो जिन्स को तसला में धरे तसला के बीच में प्याला धरे तथा तसला के ऊपर तवा धर के चारों ओर मुद्रा देवे और तवे में पानी भरे चूल्हे में कडा की आंच दे जो प्याले में अर्क

कर्पूर संपुट यंत्र

पढ़े उस को पान में खाय अथवा सिर में ल-
गावै तो फायदा हो ।

बीजों का तेल निकालने की विधि.

धतूरे तथा और और बीज जिन में चिक-
नाहट हो उन का तेल निकालना हो तो आ-
तसी सीसी में कपड मिट्टी देकर बीज शीशी
में धरे और एक ठीकरा में छेद कर के उस

अधोमुख पाताल यंत्र

छेद की गह शीशी की नली निकाले जमीन में गड्ढा खोद गडढे में प्याला धर शीशी का मुंह उस में करै शीशी के चारों तरफ कंडों का चूरा धर आग देवै ।

कपूर वरास करने की विधि

कपूर तोले १० कलमी शोरा मासे ६ कवाब चीनी (सीतलचीनी) मासे ६ काली मिरच

कच्छप यंत्र

मासे ६ हरड़ मासे ९ मिश्री तोले ३ चंदन तोले ३ कपूर कचरी मासे ६ लोहबान का डोरा मासे ६ खस तोले ५ इलायची तोला २ सब को केला के पानी में दो दिन घोटे पीछे कु-ण्ढ पर प्यालो धर आटे की मुद्रा देकर पानी का पोता फेरता जाय वरास उड़ के लागे सो भीमसेनी कपूर होता है और मसाला कम हो

तो तसला में धरै आंच मदी २ दे फूल उतरै

तिमीचर यंत्र

घरास भीमसैनी लोहवान मैंनसिल और सखिया का फूल लगे

इन सब दवाओ को दिन तीन केला के रस में घोटे तीन दिन पीछे हाड़ी या तसला में धर मुद्रा देवे आटे की हाड़ी या तसला के मुह पे उलटा घाटका (कटोरा) धर

मुद्रा दे चूल्हे पर चढ़ा आंच दे पहर दो बाटके पर पानी का पोता देता जाय फूल उड के लगे सो ले।

छप्पै यंत्र

बरास करन विधि

चीनिया कपूर तोला ६ लोहवान मासे ३ मिसरी मासे ९ हरड मासे ९ केसर मासे ३ इलायची मासे ३ कबाबचीनी मासे ३ चन्दन

मासे ९ शोरा मासे ३ पुनर्नवा मासे ३ साठं-ड़ी की जड़ मासे ६ खस मासे ६ कपूर कचरी माशे ६ इन सब को पीसके केला के रस में घोटकर हाड़ी में भरें मुह पर कटोरा धर आटे की मुद्रा देवे जो उड़के कटोरा के लगे सो बरास हो ।

बरास करन यंत्र

जायफल जाविन्री लौंग लोहबान या और जिन्स का अर्क या चोवा पड़े ।

गिरद गिल यंत्र

सर्व क्षार का तेजाब निकाले जैसे फिटकिरी शोरा नौसादर कसीस इन सब को बराबर ले

रस सिंदूर विधि

पारा सुधा भया तोले ४ गधक आवलासार

तोले ९ इन दानों को घोटके शीशी में भरै और ठीकरा में वालू रेत भर बीच में शीशी धरे शीशे का मुंह खुला रक्खे आंच पहर ४ की दे जब धूआ बंद हो तब उतारे और सोना डाले तो चंद्रोदय कहे नहीं रस ासदूर कह प- हर ६४ की आंच दे तब चद्रोदय होवै ।

मृगाग विधि

पारा तोले १ रांग तोले १ नोसादर तोले १ गंधक आंवलासार तोले १ पहले रांग को

गलाकर उस में पारा डाले फिर नीचे उतार के नौसादर गंधक डाल सब को पीसकर शीशी में भर कपड़ मिट्टी दे ठीकरा में रेत भर बीच में शीशी धरे मुख शीशी का खुला रक्खे पीछे उस में आंच दे धूआ बद हो जब उतारे जो दवा का रग सुवर्ण सरीका हो तो उसे खास, स्वास, दम, खेन, कफवाले को पान में दो रत्ती ७ या ९ दिन देवै परन्तु तेल, खटाई न खाय।

पारा तोला १ सिंगरफ तोला १ हरताल तोला १ मैंनासिल तोला १ नौसादर तोला १ आंवलासार गधक तोला १ ये सब को पीसे और शीशी पै कपड़ मिट्टी दे सुखाकर ये सब दवा शीशी में भरै और शीशी का मुंह खुला

पानी डाल आचदे अर्क निकालके अतर उतारे

गज कुंभाक्ष यंत्र

संख दरियाव करन विधि

फिटकरी तोले १० जवाखार तोले १० सुहागा तोले १० नमक पांचों तोले १० चूना तोले १० ये सब बराबर लेके हांडी में भरे और १ कुल्हड़े और हांडी का मुंह घिसके मि-

लाके मुद्रा दे शीशी को पानी में राखै संख द-
रियाव उतरै।

कूर्म आतिश यंत्र

नरेली बीज और फल का चोआ निकालने की विधि

नरेली के चोआ से दाद जांय कुरंज के बीज
के चोआ से खसरी जाय लौंग के चोआ से
सिर का दरद जाय जावित्री जायफल का तेल
शामिल कर चोआ निकालै।

पानी डाल आंचदे अर्क निकालके अतर उतारे

गज कुंभाक्ष यंत्र

संख दरियाव करन विधि

फिटकरी तोले १० जवाखार तोले १० सुहागा तोले १० नमक पांचों तोले १० चूना तोले १० ये सप बराबर लेके हांडी में भरे और १ कुलहड़े और हांडी का मुंह घिसके मि-

लाके मुद्रा दे शीशी को पानी में राखै संख द-रियाव उतरै।

कूर्म आतिश यंत्र

नरेली बीज और फल का चोआ निकालने की विधि

नरेली के चोआ से दाद जाय कुरंज के बीज के चोआ से खसरो जाय लोंग के चोआ से सिर का दरद जाय जावित्री जायफल का तेल सामिल कर चोआ निकालै।

सिगरफ का पारा निकालने की विधि

सिगरफ तोले २० हलदी तोले २० इन दोनों को ग्वार पाठे के रस में घोट टिकिया

(गीला कपड़ा गखें)

बनाकर हाडी में धरे पीछे दूसरी हाडी ले दोनों का मुंह घिसके मिला मुद्रा दे चूल्हे पर चढ़ाके आंच दे ऊपर की हाडी पर पानी का पोता फे-रता जाय तो पारा ऊपर आवे ।

संखिया का फूल उड़ाने की विधि

संखिया तोले १० लेकर गोमूत्र में भिजोवे

(पानी का पोता)

पीछे जल भागरा के रस में १ दिन घोट ग्वार पाठे में घोटे पीछे वन्दरोई में घोट के हाडी में भरे फिर दूसरी हाडी का मुह घिस मुंह से मुंह मिला मजवूत मुद्रा दे चूल्हे पर चढा आच देवै और अमर बेल के पानी का पोता देता जाय जो फूल उड़े उस को रखले यह दवा दम खैन, स्वांस, कांस को मेटै पथ्य राखै ।

लोहवान का फूल उड़ाने का यंत्र

कागद कुस्थली का यंत्र

लोहवान के फूल से स्वास खांस सरदी जाय माथे पर लगावे और खावे तो सुस्ती जाय पान में दे परहेज रक्खे तेल खटाई न खाय और दवाओं में भी बरता जाता है ।

अधो उर्द्धक शीशी का यंत्र

अजयपाल, मालकागनी, पारस पीपर या धतूरे के बीज पहिले शीशी को कपड़ मिट्टी

बीजादि का तेल उतारण यंत्र

देकर सुखाले पीछे ये चीज भरे हांडी की पेदी में एक छेद कर शीशी का मुंह निकाले फिर छाणा की आच दे।

खापरो तोले १० एक कपडे की कोथळी में भर के उस कोथली का मुख डोरा से बांध एक हाडी में लटकता बांधे और उस हांडी

अजयपाल खापरयों और संखिया पकावन यंत्र

(डोल यंत्र)

में गोमूत्र या नरमूत्र भर मुह पे ढकना भर मुद्रा दे चूल्हे पर नड़ाने आंच दे ७ या ९ दिन पकावे नित्त मूत्र भर भर के मुद्रा दे पीछे

खरल में डार के घोटे और काली मिरच छिलका उतारी तोले २॥ सोंने के वर्क तोले २॥ मोती की ख़ाक तोले १॥ अबर तोला १ कस्तूरी माशे ७ काली कपिला गऊ का माखन तोले ५ डाल पहिले एक एक घोटे सब मिलाकर घोटे और नीबू का रस देता जाय तीन दिन रात बराबर नीबू का रस देकर घोटे और नीबू का रस देता जाय इक्कीस या इकत्तीस दिन घोटें जब तक माखन की चिकनाई न जाय तब तक घोटे पीछे एक मासे की टिकिया जितनी बने उतनी बनावे मालती बसत तैय्यार हो हड्डी ज्वर सीतज्वर या कमताकत वाले को सहत और छोटी पीपर के साथ दे या सतोपलादि चूरण देवै।

अजयपाल सिंगरफ या संखिया डोलयंत्र से दूध में या प्याज के अरक में या जल भागरा के अरक में या ईख के रस में पकावे तो बहुत गुणकारी है इसको बरतने की विधि उत्तम वैद्य से पूछे सुस्ती अर्द्धांग ताप तिजारी बेला ज्वरादि बहुत से रोगों को मेटे ।

राल मोम बिरोजा आदि का तेल उतारण यंत्र

बांस नली का डमरू यंत्र

विरोजा राल मोंम या रूमीमस्तगी एक सेर ले कढ़ाई में डाल के मंदी २ आंच दे पीछे ईंट का चूर बेर या मटर प्रमाण कर के विरोजा या गलता भया मोंम मे दो सेर मिलाकर हांड़ी में भरे पीछे दूसरी हाड़ी का मुंह घिस के मुह से मुंह मिळाके मुलतानी मट्टी और कपड़ मटटी देकर डोरी या रस्सी से दोनों हडियों को मजबूत करे पीछे इस यत्र से इसी भाति नली लगावे मट्टी पर चढ़ाके आच दे ऊपर की हाड़ी पर पानी का पोता देता जाय तेल उतरै इसी तरह मोम या रूमीमस्तगी का तेल उतरै बिरोजा के या रूमीमस्तगी के तेल को तीन बतासों में भर ९ या ११ दिन खाय

तो सुजाक और प्रमेह जाय अथवा मिश्री तोले १ इलायची रत्ती २ पीस के ५ तोले पानी में और विरोजा का तेल पहिले दिन ४ बूंद दूसरे दिन ९ बूंद तीसरे दिन १२ बूंद डाल के पीवे या दूध में डाल पीवे सुजाक प्रमेह जाय ताकत आवे बादीवाले के मोम के तेलकी मालिस करे तो बादी जाय ।

संखिया के फूल उड़ाने का यंत्र

आले कपड़ा गये

मोटी और बड़ी ईंट लेकर उस में गढ्ढा कर सखिया घी गुवार पाठे में घोटकर ईंट के गोल गड्ढे में धरे ऊपर से तावे की कटोरी औंधी मार मुद्रा दे मूली के पत्तों का रस अथवा जल भागरा के पत्तों के रस का या अमरवेल के रस का पोता कटोरी पर देता जाय फूल उड के कटोरा में लगे उसे लेवै ताप तिजारी जाय।

सीसा सोधकर ठीकरा में धर आच देवै जब गल जाय और सुरख होजाय तब नीम के सोटा से या आक के सोटा से घोटता जावै और भांगरे का रस अथवा ग्वारपाठे का रस डालता जाय सीसा जल जावै तो जानों नागेश्वर भस्म हो जब उसे नीचे उतारै बादी

नागेश्वर यन्त्र

या सुस्ती गर्मी प्रमेह सुजाक को मेटै गरमी वाले को पके भंय केला में टैवे नौ या ग्यारह दिन तेल खटाई न खाय पथ्य राखे रोटी दाल खाय गर्मी सुजाक जाय ॥

सीसा तोले २० सुधाभया ले कढ़ाई में डाले जब गल जाय तब त्रिफला एक मुट्ठी डाल

नागेश्वर भस्म यंत्र

नीम के सोटा से घोंटे और भांगरा का रस देता जाय या त्रिफला की चुकटी देता जाय भस्म हुवे बाद लोग तोले २० काली मिरच तोले २० जायफल तोले २० जावित्री तोले २० अजवायन तोले २० हलदी तोले २० सब को शामिल पीसके चुकटी डालता जाय और

घोटता जाय पहर चार की आंच दे तो नागेश्वर निरुष भस्म हो सर्व रोगों पर चले वादी गरमी और प्रसूता स्त्री या सुस्ती वाले को दे आराम हो गरमी वाले को पके केला में दे गरमी जावे उत्तम वैद्य से पूछ कर दे तो बहुत फायदा करे गुड़ तेल खटाई मिरच न खाय और भी नुकसान करनेवाली चीजों से परहेज राखे तो आराम होवे सही ।

भांग के मूत निकालने या गामिया सोपने या कुपद्या सोपने की विधि

कढ़ाई मे घी डाले और पांच सेर भांग डाल के पकावै पाच दिन पीछे टाट या मोटी गजी में ढ़ाल के घी निचोड़कर निकालै खाने में दे या माजून या गुलकद में डाले या पान में लगाके खाय संखिया सोधन होय तो कढ़ाई में दूध या जल भागरा का रस भरै और संखिया की पोटली बाध कढ़ाई में डालै और इतना औटावे कि दूध जल जाय तव उसे नित्य उमदा खोवा में वरते या और दवा में वरते ताप तिजारी वेलाज्वर या गरमीवाले को दूध में दे आध रत्ती दे या वादीवाले को ३ दिन दे घी खावे और परहेज राखै और विधि उत्तम वैद्य से पूछ ले।

भस्मी संपुट यंत्र
संखिया निर्धूम पचावन विधि

मुड़ा पाती की राख अथवा तिली की राख अथवा ओंगा की राख या पीपल की राख में पहिले संखिया को आक के दूध में भिगोवे पीछे मट्टी की कुंडी में ऊपर लिखी हुई किसी राख को दाब दाब के भरे जब आधी भर जाय तब संखिया धरे ऊपर से राख दाब दाब के

खूब मजबूत भरे कि उस में से धूआ न नि-
कले (ध्यान रहै जहां राख नीचे ऊपर भरने
का काम पड़े बहुत ही मजबूत भरे यादि इस
का धूआ आखों में लग जावे तो बहुत नुक-
सान करैगा) पीछे चूल्हे पर चढ़ावे चार पहर
की आच उस के नीचे देवै जब सीतल होजाय
तब निकाले उस के बरतने की विधि उत्तम
वैद्य से पूछे यह सर्व रोगों पर चले।

हरताल भस्म बनावन विधि

हरताल वर्की तोले २ आक के दूध में दिन
३ भिजोवै पीछे मोटे थूहर के दूध में ३ दिन
भिजोवै पीछे पलास की राख में या इमलीकी
छाल की राख में पाहिले राख को हाड़ी में दाब

भस्मी संपुट यंत्र

दाब के भरे जब कि आधी हांडी भर जाय तब उस में हरताल धरे ऊपर से फिर राख दाब दाब के भरे फिर हांडी का मुख बंद कर ढकनी धर मुद्रा दे चुल्हे पर चढ़ावे पहर चार की आंच दे जब शीतल हो जाय तब उस को निकाले और राख निथारी कांच पर दे।

हांड़ी का बालू यंत्र

चन्द्रोदय रस पाचन विधि

पारा तोले २० खरल में डालकर ३६ कांचरी उतारे फिर ईंट के चूर में तीन दिन घोटै पीछे जल भांगरा के रस में जगली गोभी के रस में चौलाई के रस में गुवार पाठे के रस में नेगड के रस में सहदेई के रस में और

भस्मी सपुट यंत्र

दाब के भरे जब कि आधी हांडी भर जाय तब उस में हरताल भरे ऊपर से फिर राख दाब दाब के भरे फिर हांडी का मुख बंद कर ढकनी धर मुद्रा दे चूल्हे पर चढ़ावे पहर चार की आंच दे जब सीतल हो जाय तब उस को निकाले और ताप मिजाजी कोढ़ पर दे ।

हाड़ी का बालू यंत्र

चन्द्रोदय रस पाचन विधि

पारा तोले २० खरल में डालकर ३६ कांचरी उतारे फिर ईंट के चूर में तीन दिन घोटै पीछे जल भांगरा के रस में जंगली गोभी के रस में चौलाई के रस में गुवार पाठे के रस में नेगड के रस में सहदेई के रस में और

लक्ष्मणी के रस में छत्तीस दिन घोटके धोंव जब शुद्ध होजाय तब नींबू के रस में घोंट पीछे गंधक जारन करना और पारे का मुख खोलना और पारे को तोल कर उस से दूना आंवलासार गंधक उत्तम लेकर खरल में घोंट पीछे नागदमन का फूल तोला २० की भावना दे पीछे सोने के वरक तोले २ घोंट फिर एक आतशी शीशी को कपड मिट्टी देकर शीशी को धूप सुखा के उस में घुटी हुई कुल जिनस धरे और एक बड़ी पत्थर या मांट से ठीकरा में बालू रेत भर के उस में शीशी धर चाम्मठ या बत्तीस अथवा तीस पहर की आंच देनी चाहिये ब्राह्मण भोजन कराकर स्वच्छ जगह करनी स्त्री की छाया नहीं पड़ने दे शी॰

तल भये बाद निकालनी वह चन्द्रोदय रस तैयार हो खाने की विधि न्यारी न्यारी है उत्तम वैद्य से तलास कर काम में लावे खूनको वढ़ावे वदन को ताकत दे संतान हो वीर्य्य पुष्ट हो कामदेव को प्रवल करें भूक को वढ़ावे और कितने ही रोगों को फायदा करता है परन्तु उत्तम वैद्य से तलास कर के खाय ।

कनेर घृत काढन विधि

सफेद कनेर की जड तोले २० कूटकर दो धड़ी दूध में डालकर दूध को औटाकर जमावे पीछे उस दही को बिलोकर माखन निकाल के घृत तैयार कर पान में लगाके खाय तो ताकत आवे अफीम खाना छूटे दम खन शीत को मेटैं परहेज राखै जवानी की बुरी

कच्छपयंत्र

मटकी

आदतों से, जो नस निर्बल होगई हों उन में भी बल आवे ।

माल दरियाव विधि

फिटकिरी तोले १० अपामार्ग तोले १० शोरा तोले १० नौसादर तोले १० सुहागा

गज कुभाक्ष यंत्र

तोले १० इन सबचीजों को सामिलकर भत्रकामें भरके मुद्रा मजबूत कपड़ मिट्टीकी देनी चाहिये, और पानीको बारबार बदले जब गरम होजाय तभी गरम पानी को निकाल कर ठडा पानी भर देवें।

कच्छपयंत्र

आदतों से, जो नस निर्वल होगई हों उन में भी बल आवे ।

मास दरियाव विधि

फिटकिरी तोले १० जवाखार तोले १० शोरा तोले १० नौसादर तोले १० सुहागा

गज कुम्भाक्ष यंत्र

तोले १० इन सबचीजों को सामिलकर भव-कामें भरके मुद्रा मजबूत कपड़ मिट्टीकी देनी चाहिये, और पानीको बारबार बदले जब ग-रम होजाय तभी गरम पानी को निकाल कर ठडा पानी भर देवें।

गज कुंभाक्षयंत्र

अन्य दरियाव विधि

पांचों नमक, जवाखार, सज्जीखार, अपामार्गखार, पपरियाखार, सूखाचूना, नौसादर, चणखार, ये सब बराबर लेकर एक पुराने मट्टी के घड़ेमें भरे उसके ऊपर एक कुल्हड़ा

औंधा धरके मुद्रा मुलतानी और कपड मिट्टी की दे और शीशी का मुख कुल्हड़े में छेदकर पोवै मुद्रा मजबूत करे दरियाव उतरे पेट की वादी आदि को मेटै। इसके वरतनेकी विधि उत्तम वैद्य से पूछे।

फिरंग यंत्र

अर्क अतर उतारण विधि

संदल का तेल या रोसाका तेल या बदाम रोगन भवका में देकर डेगमें फूलया मसाला डाले, फूल से दूना और मसाले सूखे से ६ गुना पानी डाले इस यत्र से उतारें। इसी काम के कारीगरों की सलाह ले।

विरोजाका तेल उतारण यंत्र

बिरोजाका तेल उतारण बिधि

बिरोजा १ सेर लेकर कढाई में गरम करै, गलजाय तब ईंट का चूरा झरबेरी के बराबर करके बिरोजामें मिलावै और गरम करै ककड बिरोजा को पीजाय तब उन कंकड़ों को एक हांड़ी में भर दूसरी हांड़ी उसपर औंधी धर मुद्रादे दोनों हँडियों का मुंह मजबूत सुतली से बाध कपड मिट्टी दे आंचपर चढ़ावै ऊपर ली हाडी पर पानी का पोता देताजाय तेल उतरै पांच बतासे भरके या पानी में दो तीन बूंद तेल डार पीवै सुजाक और प्रमेह जाय आराम हो।

संखिया मारण पीपरकी राखमें और हरताल मारण इमली के छिलकों की राख में

संखिया तोले पाच या चार बिछवों के पत्तों

भस्मी संपुट यंत्र

की लुगदी में धरे, फर पीपरकी छालकी राख हाडी मे आधी भरके उस के बीचमें लुगदी धरे ऊपर से राख दावके भरे और चूल्हे पर चढ़ाकर पाचपहर आच देकर भस्म करले, सीतल हुचे बाद निकाले- उत्तम वैद्य से पूछ कर ताप तिजारी वादी खेन दमास्वास आदि

को आधरत्ती पानमें दे, खटाई तेल न खाय, आराम हो सीत सुस्ती भी जाय ।

तथा हरताल तोले ४ हंसराज पावभर इन दोनों को पीस के उसकी लुगदी बीचमें धरै ऊपर से राख दाब २ के भरै और चूल्हे पर चढ़ाके ४ या ५ पहर की आच दे, शीतल हुवे पीछे निकाले भस्महो किसी उत्तम वैद्य से पूछकर कोढ़ तिजारी वालेको दे आराम हो ।

वेवचीछाजन और गर्मीके फोडों की दवा

कत्था सफेद तोला १ चिनियां कपूर तोला १ हरतालवर्की तोला १ चारों दवाइयों को सामिल पीस के घाव पर घृत लगाके ऊपर दवा बुरके, गरम पानीसे धोवे दिन ७ लगावै आराम हो यदि गरमी होय तो रजानका पान वारीक लुनरया के पान, वलवीज के पान, चण दूदाके पान, जल भागरेके पान, प्रत्येक नो मासे लेकर मसलै उसमें बनारसी खाड़ तोले २ मिलाके ९ या ११ दिन खाय, खटाई तेल गुड वगैरे नखाय मूग की दाल और अ-लोनी रोटी खाय, घी खाय और भी ऐसी वैसी चीज न खायतो गरमी जाय आरामहो।

गर्मी की दवा

गऊ का ताजा दही १ सेर ले मट्टी या काठ या पत्थर की कूडी में डाल उस में ३ मासे संखिया डाल के गर्मीवाले के हाथ १ घंटा तक दही में धुवावे पानी बिलकुल न डाले और हाथ के भी पानी न लगने दे कपड़े से पोंछ ले उसी समय माखन गऊ का पाव-भर खाय पीछे दाल रोटी खाय ऐसे ही तीन दिन करे परहेज राखै घी खाय चाहे जैसी गर्मी हो आराम हो दूध बिलकुल न खाय।

गर्मी की दवा

रस कपूर मासे ३ ले पोटली बांध ढाईसेर दूध में डाल औटावे जब आधा दूध रहे तब

उतार ले इसी तरह तीन वार पका के रस क-
पूर को निकाल तोल कर तीन मासे के तीन
भाग करै रस कपूर मासा १ इलायची मासे ३
लाल मिरच का वीज मासे २ इन तीनों को
पीसकर पानी डाल के चनाके प्रमाण गोली
बाधे नौ फिर गऊ का दही लाकर कपड़े में
बांध के पानी निचुड़ जाने दे यहा तक कि
सव पानी निकल जाय पीछे दही में ३ गोली
डाल निगल जाय और दात के न लगने दे
इसी भाति तीन दिन दे रोटी अलोनी खाय
घी नहीं खाय मूग की दाल या मेथी तोरई
की तरकारी और अलोनी रोटी खाय दिन२१
तक तेल खटाई गुड़ बैंगन उडद की दाल न
खाय परहेज राखे चाहे जैसी गर्मी होवे आ-

राम हो पीछे चौथे या पाचवे दिन घी खाय ।

गर्मी की दवा

गर्मीवाले को पहिले जुलाव देकर पीछे दवा देवै हरड बहेड़ा आवला प्रत्येक दो दो तोले लेकर दरदरी पीस चिलममें पीवे इस की चार पुड़िया बनावे एक पुडिया सामको दूसरी पहर रात गये तीसरी आधी रात चौथी ३ पहर रात गये खाय रोगी को सोने न दे जागता रक्खै प्रात.काल चनाकी दाल धोय के खाय और घी खाय इसी भांति ३ दिन करै गरमी जाय आराम हो खटाई तेल मिरच बेंगन उडद की दाल न खाय घी पाव भर नित्त खाय ।

गर्मी के जुलाव की दवा

जमालगोटा तोला १ लेकर मिटटी के कुल्हड़े मे गोवर भर उस में जमालगोटा धर चूल्हे पर चढ़ावे पहर एक की आच देकर उस मे से निकाल के आटाकी वाटी में पचावे तो पीछे दूध में पचावे फिर मिंगी निकाले और मिंगी में निवीं होती है उसे निकालकर सिल पै पीस कपडे में डाल के निचोड़ और द मासे अजमोद में उस की आधी बूंद डाल के पीस कर तीन पुड़िया बनावे एक पुड़िया रोज प्रातःकाल गरम पानी के साथ लेवे और गरम पानी को पीवे तो दस्त लगे और भूक लगे गेहूं और गुड़ की मीठी थूली खाय घी एक रत्ती भी न डाले मीठी थूली फक्त गेहू की

खाय इसी भांति तीन दिन ले जुलाव बंद होय उस के बाद जितना घी खाया जावे उतना खाय खटाई तेल गुड़ बेंगन उड़द की दाल नहीं खाय तो गरमी जाय ।

गरमी के फोड़ों की मल्हम

गऊ का घी एक हजार पानी से धोवे कत्था सफेद मासे २ मुरदासन मासे १ इलायची मासे १ सिंगदराज मासे ३ रसकपूर मासा १ जस्त का फूल मासा ३ कबाबचीनी मासा १ कौडी जली हुई नग १ इन सब को पीस छानके घी में मिलाके घावमें लगावे आरामहो

गर्मी और खूनी बवासीर की दवा

रसवंती तोला १ मिसरी कालपी या बीकानेरी तोले ३ इन दोनों को सामिल पीसके

पानी की बूंद देकर चनाके प्रमाण गोली बांधे पीछे १ गोली नित्त ७ या ९ दिन बासी पानी के साथ ले गर्मी जाय खून पडना बंद होवे मूंग की दाल रोटी और घृत खाय परहेज न विगाडे आराम हुये बाद कुल पदार्थ खाने चाहिये ॥

गर्मी से मुंह आगया हो उस की दवा

झाडीबेर की जड की छाल कचनार की अंतर छाल बबूल की अतर छाल अनार के पत्ता चमेली के पत्ता बजूदंती के पत्ता अथवा जड कत्था मासे ६ फिटकिरी मासे डेढ़ तवाखीर मासे सवा इन सब को हांडी में डालकर दो सेर पानी में उवाले जब आधा रहे तब उतार ले ठंडा होने पर कुल्ला करे तीन चार दिन

करै आराम हो उस के बाद म गऊ का ताजी दही और रोटी खाय ।

गर्मी की दवा

कत्था सफेद मासे ६ संखिया का फूल मासे ३ भोरिंगणी का पंचाग कूटकर उस का रस निकाले पीछे रस में दोनों दवा ३ दिन घोटै और काली मिर्च के प्रमाण गोली बांधे पान में कत्था चूना लगा इलायची धर उस में १ गोली धर के नित्त खाय ११ अथवा १५ दिन खाय यदि बहुत दिनों की गर्मी होय तो २१ दिन खाय आराम हुये पीछे दवा का उतार करे चना की दाल पावभर कच्ची लेकर भिजोवै गरम मसाला डालकर छौंक के खाय झाड़ी जात को उत्तर दिशा में आमिप का

के फुलावे कि वह कच्चा न रहजाय फिर नागर वेल के पान में एक या दो रत्ती सात या नौ दिन देवे तो आराम हो ।

दाद की दवा

गंदा विरोजा तोले २ सुहागा तोला १ गंधक तोले २ पहिले विरोजा को कटोरी में डाल के गलावे उस में सुहागा पीसके डाले पीछे गंधक डाल तीनों को लकडी से हिलाकर मिलावे और हाथ से टिकिया बना लेवे उस के पानी में घिस के दाद पै पांच या सात दिन लगावे तो आराम हो और दाद जाती रहे ।

वादी की दवा

सोंठ तोला १ नित्त पीसकर नमक मिला के टिकिया बना के घृत में तलके खाय तो वा-

सतवा सोंठ

दी जाय अथवा सोंठ मासे ६ गुड तोले २ इन दोनों को मिलाके खाय अथवा सोंठ के लड्डू बना के खाय तो वादी जाय सोंठ में गुण बहुत हैं खाने और लगाने में भी बरती जाती है सोंठ का अर्क भी निकलता है वादी और

बदहजमी को मटती है निमक के साथ लेने से वादी मिटै सीत सन्निपात को भी मेटती है स्त्री लोगों को भी दीनी जाती है सोंठ का जुलाब दूध या सक्कर के साथ लिया जाय है इसको उत्तम वैद्य से तलास कर लेवे ।

हरड

बादी कबजियत और उदर विकार की दवा

जवा हरड़ को भूनकर निमक के साथ नि-रने ही सुबह खाय अथवा हरड तोले ९ गो मूत्र में भिजोवें दो दिन पीछे साफ पानी से धोवें उस में सोंठ मासे ६ जीरा मासे ६ काली मिरच मासे ६ सांभर निमक मासे ३ इन सब चीजों को पीसकर मिलावे पीछे घी में भूने फिर इसका सेवन करे हरड पांच या चार नित्त खाय उदर विकार मिटे हरड को घिसकर ग-रम कर के आंखों पर लेप करै तो आंख अच्छी होय हरड़ में बहुत गुण हैं और भी बहुत सी दवाइयों में बरताव अक्सर करके होता है ।

उदर विकार चोट और कसक की दवा

राई को पीसकर चोट या कसक पर लगावे तो आराम हो अथवा राई पीसकर छाछ या दही में डाले उस में नमक डाले मिरच भा-

वना वमूजिब डाले गरम मसाला चाहे तो डाले चाहे मत डाले उस को हांड़ी में भरकर मुह वाध के दिन तीन दावों दे काजी हो गई उठे जब पेट की व्याधिवाले को दे कांजी पाव भर निरने ही देवे तो लोहार फियो कोदर मिटै ७ या ९ या ११ दिन दे कच्छ रोग भी जाय कांजी का पानी पीने से उदर विकार जाय।

ताप और डौरू की दवा

नावे के पान मासे ३ काली मिरच नग ७ डाले पीस के छानकर थोड़ासा गरम कर पीवे तो जीरणज्वर और इकतरा तिजारीवाला ज्वर जाय तीन दिन पीवे नावे की जड़ पीस के टिकिया वनाके डौरू पर वाधे ऊपर गीले

में धर सपुट कर कपड़ मिट्टी दे कंडा सेर पांच की अग्नी दे भस्म हो अर्द्धांगवाले को दे तो आराम हो लजवती की जड़ रविवार को लाकर छल्ला बनाके कमर में बाधे तो नाभि ठिकाने आवे ।

कीड़े और बादी की दवा

मालकांगनी का तेल कीड़ों की जगह पर लगावे और ऊपर से पान पीसकर लगावे तो कीड़ा मरे बादी वाले के अंग में मालकांगनी के तेल की मालिश करे तो बादी जाय यदि संखिया पकाना होय तो मालकांगनी का तेल पकावे और संखिया ढीव (ठीकरा) में धर ऊपर तेल को चुवो दे तो मोतिया पचे सोमल (संखिया) तोला १ मालकांगनी का तेल १

मालकागनी

सेर का चुबो दे इसका सेवन पान में राई अ-
नुमान दे बादी जाय तेल खटाई, नहीं खाय
रोटी दाल घी खावे ९ या ११ दिन।

हरताल मेंनसिल मारण की दवा

छुईमुई के पत्तों के रस में हरताल ७ या ९
दिन घोट टिकिया बांधे और छुईमुई के पत्ता

छुईमुई पीरा फूल

पीसके लुगदी कर उस में टिकिया धर कपड़ मिट्टी कर पीछे वालूरेत हाड़ी में भर उसमें कपड़ मिटटी का गोला धरे फिर ऊपर से वालू रेते भर चूल्हे पर चढ़ाके पहर ४ या ५ की आच दे सीतल भये बाद निकाले कोढ़ पै चले

तिजारी जाय उत्तम वैद्य से पूछले इसी भाति मैंनासिल भस्म होती है।

छुईमुई लाल फूल

सिंगरफ मारण मूंगा भस्म करनेकी दवा,

छुईमुई के पत्ता पीसकर लुगदी करै उस में मूंगा धरै पीछे सरवला सपुट कर कडों की आंच दे मूंगा भस्म हा अथवा सिंगरफ तोले

२ आक के अथवा बड़ के दूध में ५ या ७ दिन भिजोवे पीछे छुईमुई के पत्ता पावभर पीसकर उस की लुगदी में सिंगरफ धरे गोला बाध पीछे कपड मिटटी दे सरवला सपुट कर बकरी की दो धडी मेंगनी में घर के आच दे भस्म हो सीतल हुये बाद निकाले अर्द्धांग पर चले उत्तम वैद्य से पूछकर दे ॥

सुजाक प्रमेह और आंखों की दवा

बबूल की छाल पीसकर किसी मटके या घडे से लगा देवे और सोते समय आंखोंके बाधे तो आराम हो प्रात काल डाले दिन ३ बाधे अथवा बबूल का गोंद तोले २ पाव भर गाय की छाछ में सात या नो दिन पीवे तेल खटाई न खाय सुजाक चिनग और प्रमेह जाय

बंबूर

बबूल की अंतर छाल पानी में डालकर पीछे उसी पानी से कुरला करे तो मुह के फोड़ा और दांतों का लोहू गिरना बंद होकर आराम हो ॥

खेर

खेन खासी कफ और वायगोला की दवा

खेरसार मासे ९ पीसकर अदरक के रस में या अडूसा के पत्ता के रस में या नागरबेल के पान के रस में मटर प्रमाण गोली बांधे एक

या दो गोली सुवह और शाम को खाय तो खेन खांसी कफ को आराम हो अथवा खैर का घोटा पुराने पेड़ का हो उस को लाकर तोले २ हलदी जावदी माशे ६ मिलाकर दोनों को पीसकर लाहोरी नमक माशे ६ मिलाके पावभर छाछ में मिलाकर थोड़ा गरम कर के पीवै तो वायगोला का दरद जाय दिन ३ पीवै तेल न खाय।

अग्नी मंद कफ खेन और मुख दुर्गंध की दवा

नागरवेल के पान की या कपूरी पान की बीड़ी लगानी चाहिये उस में छोटी इलायची दालचीनी जावित्री और सुपारी सेवरधनी ले

पहिले करथा चूना लगाय और सब मसाला धर के खाय तो अग्नी मंद मुख की दुर्गंधता कफ खेन आदि रोग जाय पान में बहुत गुण हैं इस को कितनी ही दवाइयों में बरताव करे हैं तथा पान मे सिंगरफ घोटे और उसे पान

की लुगदी में धर के इसी तरह पुट तीन सौ देवै तो मात्रा सिद्धि हो नाग को मारै कर्म सिद्धि हो परन्तु आंच सेर भर बकरी की मेंगनी की देवै तो अर्द्धांग भी जलै।

गठिया बादी या सीत बादी की दवा

नेगड़ के पान या बीज पावभर पानी डेढ़ सेर इन दोनों को हांडी में डालै पीछे गेहूं के आटे की बाटी कर के डालै सीजने के बाद निकालै सेककर गुड़ घी मिलाके खाय तो बादी जाय अथवा नेगड़ के बीज तोले २० पीसकर घी में सैक के पीछे हलदी तोले ४ पीस के घी में सेके फिर आटा गेहूं का १ सेर घी में सेक सब दवाई और गुड १ सेर मिलाके लड्डू बांध ११ या १५ दिन खाय तो बादी जाय

मूत्र में भिजोवे प्रभात घोट के पीवे आराम हो दिन ५ तथा ७ पीवे परहेज न बिगाडे अजवा-यन का चूरन बनता है और अजवायन स्त्रियों को जापे में दी जाती है अजवायन का अर्क और तेल भी निकलता है अजवायन बहुत गुणकारी है मालिस और खाने में बहुत फा-यदेमद है बादीवाले को खाट पे बिठाकर अजवायन की धूनी दे तो सीत बादी जाय आराम हो।

धात पुष्ट की दवा

घुइयां (अरवी) साग की दो सेर उबाल के छिलका दूरकर टं पीछे मोटी सुई अथवा कांटे से गोदकर घी में सेके जब बदामी रंग होजाय तब नीचे उतारले फिर ३ सेर मिसरी

अरई

की चाशनी पेठे की सी करै उस में घी की सिकी हुई घुइया डाले इलायची केसर धौरी मूसरी तोला २ विदारीकद तोले २ चोवचीनी तोले २ पीस के उस में डाले और सहत आध

मूत्र में भिजोवे प्रभात घोट के पीवे आरामहो दिन ५ तथा ७ पीवे परहेज न बिगाड़े अजवायन का चूरन बनता है और अजवायन स्त्रियों को जापे में दी जाती है अजवायन का अर्क और तेल भी निकलता है अजवायन बहुत गुणकारी है मालिस और खाने में बहुत फायदेमद है वादीवाले को खाट पै बिठाकर अजवायन की धूनी दे तो सीत वादी जाय आराम हो ।

धात पुष्ट की दवा

घुइया (अरवी) साग की दो सेर उवाल के छिलका दूरकर दे पीछे मोटी सुई अथवा कांटे से गोदकर घी मे सेके जब बदामी रग होजाय तब नीचे उतारले फिर ३ सेर मिसरी

अरई

की चाशनी पेठे की सी करे उस में घी की सिकी हुई घुइया डाले इलायची केसर धौरी मूसरी तोला २ विदारीकद तोले २ चोबचीनी तोले २ पीस के उस में डाले और सहत आध

सेर सबका मिलाके बर्तन में भर के १५ दिन धरा रहने दे पीछे उसको खाय तो नल सग्रहनी भस्म रोग या धात जाती होय तो बंद हो तेल खटाई न खाय परहेज राखे घुइयांका साग बहुत उत्तम बनता है।

जावदी हलदी

वादी की दवा

हलदी जावदी के टुकड़े कर के दूध में भि-जोवे दूसरे दिन घी में सेक पीछे खूब महीन पीस के एक सेर गुड़ पावभर हलदी में मि-लावे और १८ दिन खाय घृत खाय चाहे जैसी वादी हो उस को भी आराम होवे यदि घोट की पीड़ा होय तो आराम हो अथवा हलदी जावदी तोले १० दूध गाय का ढाई सेर कढ़ाई में औटावे उस में हलदी डाल खोवा करै और उस में खाड़ मिसरी डाल ल-ड्डू बाध के ९ या ११ दिन खाय तो वादी जाय, परहेज राखे नित दाल साग में खाते हैं

चोट और सूजन की दवा

चोट की मार दूखती हो या सूजन हो या

जावदी हलदी

कोई गाठ हो तो दारुहलदी सज्जी कारी-
जीरी तिलकंटू ये सब पीस गरम कर के ल-
गावै तो आराम हो दारुहलदी घोडों के म-
सालेमें ली जातीहै और २ रोगों मेंभी घरती है

यदि दम की बीमारी हो तो दारुहलदी तोले ४ भूकटेरी के बीज तोले ४ आक के फूल की भिंगी तोले २ नमक पांचों तोले ५ इन सब को मिलाके पीसकर कुल्हड़े में भर के अग्नी में धरे तो भस्म होय इसको मासा १ गरम पानी में डाल पीवै तो खांसी दम खेन जाय परहेज न बिगाड़े आराम हो॥

माता के व्रण फोड़ा और करणमूल की दवा

माता के पके हुवे व्रणपर नादणवन का पान पीसकर लगावै तो आराम हो अथवा दूध आ-वा हलदी सोंठ कारीजीरी तिलकंटू और अ-रंड की भिंगी पीसकर कर्णमूल या फोड़ा पै लगावै तो आराम हो कर्णमूल कान के पीछे

दूर्वा

एक फोड़ा होता है यदि कंठमाला के लगावे तो आराम हो दूब मंगलीक वस्तु है देव पूजन के काम आती है ।

खूनी बवासीर के दस्तों की दवा

सफेद दूब मासे ६ चन्दन सफेद घिसा

हुवा मासे तीन चावल के धोवन का पानी

सफेद दूब

तोले ९ मिसरी तोला १ सामिल पीसके चावल के पानी में मिला पीवै तो दस्त बद हों यदि सुजाक हो तो दूब मासे ६ इलायची रत्ती ४ मिरच कारी नग सात जेठी मद मासे

६ ये सब घोट के पीवे तो आराम हो। दिन सात तथा नौ पीवे परहेज न विगाडे खटाई तेल वेंगन उडद की दाल गुड आदि वस्तु न खाय ॥

हींगाष्टक चूरण

सोंठ मिरच पीपल अजमोद काला जीरा सफेद जीरा सेंधा नमक इन सब को बराबर लेकर और आठ मासे हींग बहुत उम्दा घी में भूनकर इन सब चीजों में मिला चूरण ब-नावे और भोजन के समय ६ मासे चूरण प-हिले पांच ग्रासमें खाय तो जठराग्नि को प्र-बल करे बायगोला को नाश करे और बात व्याधि को फायदा करे इस चूरण में बहुत गुण हैं ।

खासी की दवा मिरचादि गुटका

मिर्च तोळे चार पीपल तोळे चार जवाखार तोले दो इन को पीसकर गुड तोले ३२ में मिलाके गोळी टक टक के प्रमाण बाधे और मुख में राखे तो पाच प्रकार की खासी जाय आराम हो।

सतोपलादि चूर्ण

मिसरी तोले सोलह वसलोचन तोले नौ पीपर तोले ४ छोटी इलायची तोळे दो तज तोले १ इन सब को पीसकर चूरण बनावे और मासे ६ के उनमान सहत में सेवन करे तो खांसी स्वास क्षयी को दूर करे हाथ पाव की जलन मन्दाग्नी जीभ का सूखना हाडों

का दर्द अरुचि ज्वर ऊर्ध्वगति रुधिर विकार पित्त आदि के रोग जाय ।

हिंगु पंचक चूरण

सोंठ तोला एक सांचर नोंन तोला एक अनारदाना तोला एक अमलवेत तोला एक हींग एक हिस्सा मिलाकर पीस के चूर्ण ब-नावे मासे तीन के उनमान खाय तो उदर रोग जाय ।

हिंगुत्रयोविंशती चूरण

हींग मासे ९ सेंधा नोंन चव्य सोंचर नोंन विडनोन अमलवेत सज्जीखार जवाखार सोंठ मिरच पीपर अनारदाना तंतरीक पीपरामूल अरनी कचूर हाउबेर असगंध पाढ़ हरड सफेद

जीरा पोहकरमूल बच धनिया ये सब बराबर ले कूट पीसकर चूर्ण बनावे पीछे बिजोरे के रसकी भावना दे और मासे ४ या ६ के अनुमान गरम पानी में खाय तो बायगोला सूल गुदा के रोग संग्रहणी आदि मिटे।

दाणिमाष्टक चूर्ण

अनारदाना तोले ४ पीपल तोले २ पीपरामूल तोले २ वंसलोचन तोले ४ अजवायन ताले २ मिरच तोले २ धनिया तोले २ जीरा तोला २ तज तोला १ तेजपात तोला १ दालचीनी तोला १ इलायची तोला १ नागकेसर तोला १ ये सब पीस के चूर्ण मासे ६ के अदाज खाय तो अतीसार क्षयी गोला संग्रहणी

गल रोग मन्दाग्नि पीनस खांसी वगैरा को आराम होय ।

रुचिकर अमृत प्रभागुटिका

मिरच पीपलामूल लौंग हरड अजवायन तंतरीक अनारदाना सेंधा नोंन कालानोंन कांच का नोंन पीपर जवाखार चीता दोनों जीरे सोंठ धनियां इलायची वडी आंवला इन सब दवाइयों को बिजोरे के रस में घोटके पुट पांच देकर झारी बेर के अनुमान गोली बांध छाया में सुखावे विचार से खाय तो अजीर्ण प्रदीप करै अमृत के तुल्य है ।

उन्मीलन गुटिका

हरड़ तोले ४ सोंठ तोले ४ इन दोनों को

पीसकर गुड़ तोले २४ में मिलाकर गोली ब-
नाय के खाय तो बुद्धि बढै शरीर पुष्ट होय
वात कफादि रोग को निर्मूल करै मल मूत्र
को शुद्ध करै।

बंध्या के पुत्र होने की दवा

पारस पीपर के बीज नग २७ गजकेशर मासे
९ पीपर की जटा मासे ९ इन सब दवाइयों
को मिला ३ भाग करै ऋतुदान ले उस दिन
से ३ दिन तक गाय के दूध में डाल के पीवै
अथवा पारस बीज जीरा दोनो को सफेद स-
रफोका के साथ पीस जल के साथ पीवै तो
गर्भ रहै अथवा बंध्या स्त्री पलास का एक पत्ता
पीस दूध में डाल पीवै तो गर्भ रहे अवश्य
पुत्र होय अथवा कैथ के गोंद को पीस दूध में

सब चूरणों में डाला जाता है साग दाल में अकसर कर के नमक और जीरा पीसकर मंजन करे तो बादी गरमी दांतों की मिटे ।

सोंफ
(वरियारी)

आमवात आतशक और वमन की दवा

सोंफ सोंठ हरड़ और मिसरी इनका सेवन करै तो आम वात मिटै सोंफ और पोदीना का अर्क पीने से वमन और दस्त को आराम होवै है सोंफ का निरने ही सेवन करै तो आतशक और मुख के छाले मिटते हैं सोंफ का तेल भी निकलता है और बहुत गुणकारी है सोंफ चूरन और ठंडाई और अचार में भी घरती जाती है इस का मिजाज तर गरम है सोंफ का पाक भी बनजाता है पाक का सेवन करने से आतशक गरमी बवासीर और आम वात तथा मुख का फोडा भी मिटता है इस को बरियारी भी बोलते हैं।

अथ जवादी क्षार के गुण

जवाखार मासे ऊढ़ जल के साथ सेवन करने से उदर विकार और प्रमेह जाय स्वांस कास जाय प्रमेह को तो यह जड से खो देता है बहुत गुणकारी है ।

स्तम्भन की दवा

नागकेसर तोले पाच की पुडिया नग ग्यारह पीसकर बना लेवे और एक पुडिया गऊ के घी में मिलाके खाय तो वीर्य्य स्तम्भन होय और नपुसकता भी होय तो उस को आराम हो ।

मुखके फोड़ा और दुर्गंध की दवा

पीपर जीरा कूट और इन्द्रजो इन के चवाने

से मुख पाक, मुख व्रण, मुख का चिकटापन और मुख की दुर्गंध ये सब रोग दूर हों पर-हेज न विगाड़े तेल खटाई मिरच नोंन गुड़ बेंगन न खाय ॥

बास के गुण

जिस के उदरमें चोट या वजन से रुधिर भर गया हो और दाह होता हो तो बांस की छाल उबाल के काढ़ा कर के सहत मिलाकर पीवे तो शीघ्र ही दाद मिटे ।

पीनस स्वास कांस और गर्मी की दवा

हरड़ तोले ३ बहेड़ा तोले ३ आवले तोले ३ पीपर तोले साढ़े चार इन सब को पीस तीन मासे की पुड़िया बनावे सहत के साथ

सेवन करै तो ऊपर लिखे भये रोग मिटैं ख-
टाई तेल गुड बेंगन उडद की दाल न खाय।

वात गुल्मरोग की दवा

आवले पके लेकर छ' गुणे रस में घृत पका
के सक्कर और सेंधव युक्त कर के वात गुल्म
वाले को सेवन करावे तो फौरन ही आराम हो

भस्म रोग की दवा १

ओंगे के बीजों को पीसकर दूध में खीर कर
के खाय तो महा घोर भस्म रोग मिटै।

अमृताद्य गुग्गल

इलायची वायबिडंग कुडा की छाल बहेड़ा
हरड आवले और गुग्गल इन को क्रम से लिखे
माफिक एक एक भाग जियादे लेवे जैसे व-

हेड़ा पाच भाग हरड ६ भाग आवले सात भाग गुग्गुल आठ भाग इन सब को चूरण कर के सहत के सग चाटने से प्रमेह की पीड़ा मेदे की स्थूलता और भगंदर का रोग दूरहो

नीवाद्यय चूर्ण

नीम के पत्ते दश भाग त्रिफला तीन, भाग त्रिकुटा तीन भाग अजवायन पांच भाग तीनों नमक तीन भाग जवाखार दो भाग इन सब को पीसकर चूर्ण करे नित्य प्रात.काल तीन मासे सेवन करे तो एकाहिक, द्वाहिक, तत्रा-हिक, चातुर्थक, सतत, धातु गत और त्रिदो-षज्वर का नाश हो ।

महा अग्नि मुख चूर्ण

हींग एक भाग, वच दो भाग, पीपर तीन

भाग, सोंठ ४ भाग, अजवायन ५ भाग, हरड ६ भाग, चित्रक ७ भाग, कूट ८ भाग इन सब का चूरण कर सेवन करें तो वात व्याधि नाश हो। अथवा इस चूर्ण को लहने के साथ या दही के साथ अथवा दही के पानी के साथ या मद्य तथा (मदिरा) के साथ या गरम पानी के साथ सेवन करें तो यह उदावर्त अजीर्ण पीपिहा उदर का रोग काश स्वास क्षयी अर्श शूल और गुल्म रोग का नाश हो जठराग्नि की वृद्धि हो इस का नाम अग्नि मुख है यह प्रयोग मिथ्या नहीं जाता।

महाभास्कर लवण

समुद्री निमक आठ तोले सोंचर निमक पाच तोले विडग निमक सेंधा निमक धनिआं

पीपर पीपल पीपरामूल स्याह जीरा तमाल-
पत्र नागकेसर तालीसपत्र अमलवेत हर एक
चीज दो २ तोले ले मिरच सफेद जीरा सोंठ
प्रत्येक एक २ तोला खट्टे दाडिम के बीज
चार तोले तज छः मासे इलायची आधा तोला
इन सब को पीसकर चूरण तैय्यार करे उस
का नाम महाभास्कर लवण चूरण कहे मात्रा
इसकी पाव तोला दही के पानी के साथ या
मठाके साथ अथवा मदिरा के साथ अथवा
किसी और वस्तु के साथ सेवन करे तो म-
दाग्नि का नाश होवे तथा दीपन पाचन वात
कफ जन्यकु गुल्म फीया उदर क्षय सग्रहणी
कुष्ट विवध भगंदर साफ सूल स्वास कास
आमदोष और उदर रोगों का नाश करता है

डाल के पीवे तो जैसी अग्नी व्रण को जला देवे है वैसे ही यह काढ़ा ऊपर लिखे रोगों को जला देता है ।

वीर्य्य स्तम्भन की दवा

चोवचीनी धौरी मूसरी गोखरू नागकेसर तालमखाने सिताधर कोंच के बीज गंगेरन की जड़ खरैंटी इन सब को पीस चूर्ण कर दूध के संग पीवे रात्रि के समय दिन तेरह या पन्द्रह पीवे तो वीरज का थमन हो ।

क्षयी की दवा

नागरमोथा पीपल और दाख और भटकटैया का फल इन सब का चूरण कर घी और सहतके साथ चाटेतो क्षयी रोगका नाशहो

बातज अश्मरी की दवा

आत्रेय कहते हैं कि वरुण की अन्तर की छाल सोंठ और गोखरू के काढ़े में जवाखार और गुड़ मिलाय कर पीवै तो बहुत दिनों का तथा पुराना बातज अश्मरी का नाश होवै है।

जल प्रद की दवा

पभार की जड़ को चावल के धोवन से पीसकर प्रात काल पीवै तो जलप्रद जाय।

घाव और फोड़ों की दवा

कालाजीरा ब्रह्मडडी मिरच पीपल इन का लेप करै तो फोड़ा अच्छे होवें अथवा चावल के पानी के साथ पीवै तो आराम हो।

वंध्या की दवा

पुष्य नक्षत्र में लक्ष्मणा बूंटी का पूजन कर के उखाड़े और उस की जड़ को लेकर घी गुवार के रस में पीसकर दूध के साथ पीवे तो वंध्या स्त्री अवश्य गर्भ धारन करे।

वंध्या की दूसरी दवा

पीरे फूल की कट सरैया धाय के फूल बड़ का अकुर नीला कमल इन को पीसकर कारी गऊ के दूध में मिलाकर पीवे तो स्त्री सत्य गर्भवती होवे परन्तु पारवती और शिवजी का पूजन करे तथा सतान गोपाल सहस्रनाम का पाठ करावे तो सत्य सही हो ।

वंध्या की तीसरी दवा

शिवलिंगी के बीज माशे तीन पीपल की

जटा मासे तीन गजकेशर मासे डेढ़ पीसकर ऋतुदान लेके स्त्री दूध के साथ ऊपर लिखी हुई दवा पीवे और शिवजी क स्थान में घी का दीपक वारै नित्य इसी भाति सात महीने करै तो अवश्य पुत्र हो ।

राज गुटिका चूर्ण

सोंठ तोले नौ गंधक तोले चार सेंधा नमक तोले चार इन को दो पहर नीवू के रस मे घोटे पीछे झारीबेर के अनुमान गोली बनावै यह दवा अजीर्ण और बिशूचिका को भी दूर करती है ।

वात पित्त ज्वर की दवा

लाल चदन पदमाक धनियां गिलोय और

नीम की छाल इन पाचों दवाइयों को बराबर ले काढ़ाकर पीवे तो वात पित्त ज्वर दाह तृषा खासी और मन्दाग्नी का नाश हो।

ज्वर नाशक वृक्ष

अगस्त के पत्तों को मलकर उस का रस निकाले और उस रस को सूंघे तो दो चार बार के सूघने ही से तिजारी और चौथैया ज्वर जाय।

खांसी की दवा

हरड़ बहेड़ा आवला गिलोय चित्रक रास्ना बायबिडग सोंठ मिरच पीपल इन सब दवाइयों को बराबर लेकर पीस लेवे फिर सब दवाइयों की बराबर खाड़ मिलाकर तीन मासे

नित्य प्रति खाय तो सब प्रकार की खांसी मिटे

नेत्र पीड़ा की दवा

त्रिफला पीसकर तीन मासे नित्त घी अथवा सहत के साथ सेवन करे तो नेत्र की हर तरह की पीड़ा जाय गुड़ तेल खटाई उडद बेंगन नहीं खाय स्त्री से परहेज राखे ।

वीर्य्य वर्द्धक दवा

मुलहटी को पीस चूरण कर के घृत में भून सहत के साथ चाटै और ऊपर से सफेद गऊ का घृत पीवे तो अति पराक्रम प्राप्ति हो ।

सर्वोपर पुष्टि कारक दवा

खाड़ घृत दूध इन तीनों चीजों को जो मनुष्यादिक वगैरह सेवन करे तो इसकी बरा-

पर कोई भी उत्तम दवा नहीं है गऊ का ताजा घी खाड मुधी हुई और जो गऊ जंगल में चरने को जाती हो उस का दूध और घी खाय यह दवा हर एक सज्जनों की अनुभव करी हुई और सर्वोपर हैं ।

शुक्र स्तम्भन की दवा

सफेद सरफोका की जड़ लाकर उस को पीसकर उस में सहत मिलाके नाभि पे लेप करै तो वीर्य्य स्तम्भन हो अथवा सहत मे कमल का बीज मिलाकर नाभि पर लेप करे तो स्तम्भन हो अथवा इन्द्रायन की जड को लेकर उन्मत्त चकोर के मूत्र की सात बार भावना देकर नाभि के नीचे लेप करै तो शुक्र स्तम्भन

हो अथवा पुष्य नक्षत्र मे श्वेत कर्ण की जड लाके कमर में बांधे तो वीर्य्य पात न होवै।

सुंठादि चूर्ण

सोंठ तोले दो काला निमक मासे ६ पौहकरमूल तोला एक हींग मासा एक इन सब का चूरण कर के गरम जल के साथ लेवै तो हृदय रोग कोख पीठ पेट आदि का शूल तथा वादी और कफ का शूल तत्काल ही नष्ट होवै

काम विलास चूर्ण

नोमगिलोय का सत्त तोला एक अवरक मासे तीन सार मासे डेढ छोटी इलायची मासे नौ मिसरी तोला डेढ़ पीपल मासे नौ इन सब का चूरण कर डेढ़ मासे सहत के

साथ चाटे तो नपुंसक भी पूर्ण पुरुषार्थवान हो और पुरुषार्थी का तो कहना ही क्या है ।

द्वितीय काम विलास चूर्ण

गोखरू तालमखाने सितावर कोंच के बीज गगेरन की छाल खरेंटी इन सबन को बराबर ले सब को पीसकर पन्द्रह या इक्कीस दिन दूध के साथ रात्रि के समय सेवन करे तो वीर्य्य बढ़े यह चूरण उस मनुष्य को सेवन करना चाहिये जिस के घर में स्त्री नव यौवना और स्वरूपवती भी होय ।

लवगादि चूर्ण

लौंग कंकोल खस सफेद चन्दन कमल नीला तगर काला जीरा छोटी इलायची

काला अगर नागकेसर पीपल सोंठ बालछड़ नेत्रवाला कपूर जायफल बंसलोचन इन सब दवाइयों को बराबर ले पीसकर रख ले पीछे सब दवाइयों के बराबर मिश्री मिलाकर सेवन करै यह चूर्ण इन्द्रियों को पुष्ट करै अग्नी को प्रदीप्त करै वृष्य है त्रिदोष ववासीर को को हरै अफरा स्वास कास गलग्रह खांसी हिचकी अरुचि यक्ष्मा पीनस संग्रहणी रुधिर विकार क्षयी प्रमेह इन सब का नाश करता है

सर्व ज्वर नाशक चूर्ण

चित्रक सेंधा निमक हरड पीपल और आंवला इन चीजों का चूरण रुचिदायक है और सर्व ज्वरों का नाश करता है यह चूरण वृत रत्नावली ग्रन्थ से निकालकर लिखा गया है

मिरचादि गुटिका

काली मिरच तोले चार पीपल तोले चार जवाखार तोले दो अनारदाना तोले नौ इन को पीसकर बत्तीस तोले पुराना गुड मिलाकर एक टक प्रमाण गोली मुख में डालकर उस का अरक चूसै तो पाच प्रकार की खांसी जाय

त्रिफलादि गुटिका

त्रिफला तोले तीन ककडी के बीज तोले तीन सेंधा निमक तोले तीन सिलाजीत तोले तीन इन सब को पीसकर बहुमुत्रवाले को दे तो आराम हो यह गुटिका अति उत्तम है ॥

काम विलास चूर्ण

अकरकरा सोंट ककोल केशर मिरच पीपल

जायफल लोंग चन्दन प्रत्येक एक एक तोले अफीम आधा तोला इन सब को पीसकर आधे मासे दवाई सहत में मिलाकर चाटे तो स्तंभन होय कामी पुरुषों को अति आनन्दकारी है रात्रि के समय खाय इस के ऊपर दूध और घी खाय ॥

दवा

इमली और गुड के सरबत में तज और काली मिरच का चूरण मिलाकर मुख में धारण करने से अभुक्त छंद का रोग अरोचक नाश होता है ।

सालम पाक

सालम तोले चार सफेद मूसरी तोले चार

विदारीकंद तोले चार सितावर तोले चार गो-
खरू तोले चार चित्रक तोले दो नागकेसर
तोले दो काळी मूसरी तोले दो वलबीज तोले
दो तुखमबलगा तोले दो बाय विडंग मासे
नौ तज तोले एक सोंठ तोले चार काली मि-
रच तोले दो दालचीनी मासे ६ लोंग मासे
६ गोरखमुडी मासे ६ नरघुडी मासे ६ गुद-
धावडी तोले नौ अकरप मासे ६ नागकेसर
मासे ६ धग मासे ६ मूगे की भस्म मासे ६
इन को पीसकर खोवा मिसरी मैदा और घी
आदि का किवाम तैय्यार कर के उसमें पिसी
हुई जो कि ऊपर लिखी हैं उन सब दवाइयों
को डालकर ऊपर से केसर इलायची गिरी
आदि मेवा डाल पाक या लड्डू तैयार करे

पीछे रत्न से खाय जब तक खाय तब तक स्त्री के पास न जाय तो ताकत आवै और वीर्य्य बढ़े यह पाक अति उत्तम और सही है

काश की दवा

मैनसिल को पानी में पीसकर बेर के पत्तों पर लेप कर के उस पत्ते का धूवां पीकर ऊपर से दूध पीवै तो महा काश का नाश हो।

अंडकोष की दवा

अदरक के रस में सहत मिलाकर पीवै तो अडकोशों की बादी जाय तथा स्वास कास अरुचि और सेरकमा अर्थात् (जुकाम) दूरहोवे

अथ सुर्य्यावर्त की दवा

गोरखमुंडी के स्वरस को कुछ गरम करके

काली मिरचका चूर्ण मिलायके पीवे तो सूर्य्यावर्त अर्धाव भेदक आधा शीशी दूर होवे।

विषमज्वर की दवा

नागरमोथा कटेरी गिलोय सोंठ आवले इन सब को बराबर ले काढ़ा कर सहत पीपर का चूरण डाल के पीवे तो विषमज्वर का नाश होवे॥

धन्य मद की दवा

पेठे के रस में गुड़ मिलायकर सेवन करे तो दुष्ट कोदों धान्य से उत्पन्न हुआ मद दूर होवे।

मूसली कंद चूर्ण

धोरी मूसरी गिलोयसत्त कोंच के बीज

गोखरू विदारीकंद (सॅभर की जड़ को बि-दारीकद कहते हैं) मिसरी आंवले इन सातों दवाइयों का चूरण कर गऊ के दूध अथवा घी के साथ खाय तो धात की वृद्धि होय और काम शक्ति बढ़े ॥

बिषमज्वर की दवा

तुलसी के पत्तों का रस अथवा द्रोणपुष्पी को गोमा रूखडी के पत्तों के रस में काली मिरच का चूरण डाल के पीवे तो विषम ज्वर जाय ।

रक्तातिसार की दवा

जामुन आम आंवला इन के पत्तों का रस निकाल कर सहत घी दूध मिलाके पीवे तो

घोर रक्तातीसार को आराम करै ।

सर्व प्रकार के प्रमेह की दवा

गिलोय के स्वरस में सहत मिलाय के पीवै तो सर्व प्रकार का प्रमेह दूर होय अथवा आंवले के स्वरस में हलदी का चूरण और सहत मिलाकर पीवै तो सर्व प्रकार के प्रमेह नष्टहोंय

सितावरी चूर्ण

सितावर गोखरू कौंच के बीज गंगेरन की छाल कही की छाल तालमखाने इन छः औषधों का चूरण कर रात्रि के समय पीवै तो बहुत सी स्त्रियों से भी तृप्ति न हो ।

व्याधिआदि गुटिका ऊर्ध्ववात की दवा

कटेरी का जीरा और आंवला इन तीनों

औषधों का चूरण कर सहत मे मिलाके चाटै तो ऊर्ध्ववायु महा स्वास तमक स्वास ये सब रोग तत्काल नष्ट हों।

मिरचादि गुटिका

काली मिरच और पीपल तोले दो भर जवाखार आधा तोला अनार की छाल तोले दो इन चारों औषधों को चूरण कर आठ तोले गुड़ मिलाके चार मासे की गोली बनाकर मुख में राखे तो सम्पूर्ण जाति का स्वास कास और खासी दूर होवे।

मुख शोख की दवा

आंवला नग १ कमल नग २ कूट की खील और बड़की कोंपल इन पांचों औषधों को पी-

सकर सहत में मिलाय के गोली बनावे और एक गोली मुख में राखे तो अत्यन्त प्यास का लगना मुख का घोर शोख नाश होवै।

पारा भस्म करने की दवा

नागरवेल के पान के रस में पारा खरल करे कंकोड़ा के कद में पारा रखकर उसी के टुकड़ा से बद करे संध्दी मिलाय के कपड मिट्टी देकर सुखावे फिर उस को सरवला संपुट दे कपड़ मिट्टी सुखाकर अरणे उपलों में धर हलकी मदी आंच दे तो पारा भस्म हो सीतल हुवे पीछे निकाले फिर इस को कार्य में लावे सही।

इति

यन्त्र अष्टगन्ध से भोजपत्र पर लिखके होम करे पीछे मारुति का पूजन करे जिस किसी को डाकिनी साकिनी भूत प्रेत लगा होवे उस के गले मे बांधे यह यन्त्र घंटा करण को है ।

अथ घंटा करण मन्त्र लिख्यते

ॐ घंटा कर्णो महावीर सर्व व्याधि विनाशक वीर फोट भयं प्राप्ते रक्ष रक्ष महाबल यंत्रत्व तिष्ट से देव लिखितो क्षर पंक्ति भी रोगास्तत्र प्रसंती वात पित्त कफाद्या ।

तत्रराज भयं नास्ति याती कर्णो जपात्क्षर शाकिनी भूत वेताल राक्षस्या प्रभवंतीना न काले मरण तस्यन च सर्पेण डस्यते अग्नी चोर भय नास्ति ह्रीं ॐ घंटा कर्णो नमोऽस्तुते ॐ ठ ठः ठः फट स्वा. ।

घंटा कर्ण साधन शुभ विधि

महूरत पुष्पार्क स्वातार्क चन्द्र बलवान श्री महावीर की मूर्ति के आगे जप करे और घृत को दीपक बारे प्रतिमा की पूजाकर नैवेद्य धूप पुष्प चढ़ाय स्वच्छ मत्र को जप १२००० बारह हजार करे सिद्धि होय पीछे जब काम पड़े तो चलावे सर्व कार्य पर चलता है पानी को हाथ में लेकर मन्त्र पढ़ के छींटा देवे तो सर्प का विष उतरे भूत प्रेत ब्रह्मराक्षसादि वगैरह चोरों का भी भय दूर होजाय ।

इति साधारण प्रयोग

अथ द्वितीय प्रयोग

ओ३म् प्रणम्य गिरजा कान्त ऋधि सिद्धि प्र-

दायकं घंटा कर्णस्य कलपच सर्वारिष्ट निवा-
रण सदा प्रथम शुभ शुक्ल पक्ष शुभ तिथी
पञ्चमी दशमी पूर्णिमा इति वचनात शुभ तिथि
शुभ वार शुभ योग हस्तार्क पुष्य चन्द्र बल-
वान या दशमी दीतवार अथवा ग्रहण या
नवरात्रि या काली चौदस शुद्ध भूमि देख के
अथवा देवस्थान देखकर सिद्धि करे (ॐ ह्रीं
श्रीं भुम्यादि देवतायनमः) इदं मंत्र जपीत्वा
भूमि सुचिर्जाता (तदनन्तर धूप दीप अक्षत
कर्पूराभ्या सुधनीय) (ॐ ह्रीं ह्रीं क्लीं गंगा-
जलायनमः) यह मंत्र कहके स्नानकर लाल
सुरख वस्त्र धारण कर के यह मंत्र को जप
करे (ॐ ह्रीं क्लीं आनन्द देवायनमः) शुद्ध

क्रिया में रहे घटाकर्ण देव का ध्यान धरै पीछे मंत्र जपना सही ।

इति द्वितिय विधि समाप्तः ।

यंत्र अष्टगध में भोजपत्र के ऊपर दशमी दीतवार को लिखकर हाथ में अथवा सिखामें बांधे तो मनोकामना सिद्धि होय और स्त्री की

ॐ नमो अर्हताय स्वाहाः

ॐ ह्र नमो अर्हताय स्वाहाः

चिंतामणी यंत्रोय 'पदमावती कल्पोक्तया पूज्ययति स. मुक्ति वल्लभोभवति तस्य सर्व-वस्य यान्ति मध्ये ह्र अष्टदलेपुरो क्रीं श्री ग्रौं ह्रीं व्लं क्लिं ग्रु इति ओ३म् नमो अर्हतारो श्री ग्री क्लीं स्वाहा ।

मंत्र जाप

१२१

सिद्धि न संशय

ह्रीं　　　　　　श्रीं

ॐ महावीरसदेवायनमः ॐ नागभद्रायनमः

ह्रीं
देवदत्त

यन्त्री　　　　　　दनमः

यह यत्र यामिनी का है सो अष्टगंध से लिख मुख आगे होम करै पीछे भुजा या शिखा में बाधे जो कामना मन में विचारे सिद्धि होय स्त्री पास राखे तो पति वश में होय प्रत्येक कामना को सिद्धि करनेवाला यह यत्र है ग्रथकर्त्ता का आजमाया भया है उत्तम विधि से सिद्धि होय ॥

नीचे लिखा हुआ यंत्र हलदी और कोयला से धोवी की सिलापर लिखके नील का छीटा देय फिर आधी सिला जमीन में गाढ़ और आधी सिला जमीन के वाहर राखे और पाम की मार दे तो शत्रु मुख बंद होय सही अथवा

हरताल या कोयला से लिखकर अर्क पत्र पे गाड़े और जूता प्रहार करै तो दुष्ट मूत्र बंद होय।

क्लीं	१०	३००	३००	१००	नास्य
क्लीं	३००	३००	१००	३००	नास्यमुख
क्लीं	३००	३००	३००	३००	नासय चन्द
क्लीं	३००	३००	३००	३००	नासय मुखचन्द

यन्त्र स्यालरी झाड़ बाधने का

यह यन्त्र हरताल अष्टगंध से लिख खेत में गाड़े तो स्यार खेत में न लगे।

ॐ	ह्रीं	श्री
क्लीं	ह	नु
म	ताय	नम

हरताल या कोयला से लिखकर अर्क पत्र पे गाढ़े और जूता प्रहार करे तो दुष्ट मुख बद होय ।

क्लीं	१०	३००	३००	१००	नास्य
क्लीं	३००	३००	१००	३००	नास्यमुख
क्लीं	३००	३००	३००	३००	नासय चन्द
क्लीं	३००	३००	३००	३००	नासय मुखचन्द

यन्त्र स्यालरी झाड़ बाधने का

यह यत्र हरताल अष्टगंध से लिख खेत मे गाढ़े तो स्यार खेत में न लगै।

ॐ	ह्रीं	श्री
क्लीं	ह	नु
म	ताय	नम

यह यन्त्र लिखकर मेलि की बाधा हो उस के भोजपत्र अथवा कागज पर लिखकर बाधे आराम होवे यदि बालक के बांधे तो नजर न लगे ग्रंथकर्त्ता का अजमाया भया है ।

इति श्री बूटी प्रचार नाम ग्रन्थ
श्रीयुत महंत सुखरामदास
रतलाम निवासी कृत

सम्पूर्ण शुभम्

होमियों पैथिक चिकित्सा तत्व

इस समय डाक्टरी का प्रकार अधिक हो रहा है विशेष कर ' होमियोपैथिक , औष- धियों का प्रयोग तो रोग निवारण में जादूही का असर करता है इसी लिये हमने उपरोक्त ग्रन्थ बड़े परिश्रमसे तयारकरवायाहै इस पु- स्तक में रोगों की पहिचान तथा लक्षण थर्मा- मेटर आदि डाक्टरी यन्त्राका प्रयोग विधि, होमियों पैथिक औषधियों के नाम गुण मात्रा तथा प्रतिलोग यानी यह कि अमुक वस्तु या औषधि अमुक औषधि के गुणको नाश कर देता है औषधि देनेका समय दवा रखने का स्थान औषधियों सल्यूशन तथा डेल्यूट करने की विधि पथ्यापथ्य सब रोगों की चिकित्सा

तथा और भी उपयोगी और आवश्यक विषयों का विचार और वर्णन भली भाति किया गया है सच तो यह है कि ग्रथकार ने सागर को गागर में भरने का उदाहरण चरितार्थ कर दिखाया है इस पुस्तक के पास रखने से होमियोपैथिक इलाज में बहुत कुछ अभ्यास हो सक्ता है तथा बार २ डाक्टरो की खुशामद करने की आवश्यकता नहीं रहती वैद्यों तथा डाक्टरों द्वारा प्रशंसित यह छोटासा ग्रंथ अवश्य देखने योग्य है मूल्य सुलभ ॥) आना मात्र है डाक व्यय प्रथक।

पता-श्यामलाल अग्रवाल

श्यामकाशी प्रेस मथुरा